प्रेस-नोट

थाना रक्सा

दिनाँक-10.09.2024

हत्या के प्रयास के अभियोग से संबंधित अभियुक्त को थाना रक्सा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना रक्सा क्षेत्रान्तर्गत अपनी पत्नी को कैंची मारकर हत्या के प्रयास में नामित अभियुक्त रविन्द्र बघेल पुत्र अमर सिंह बघेल निवासी ग्राम रमदेवा थाना इन्दरगढ़ जिला दतिया म0प्र0 उम्र 27 वर्ष को आज दिनांक 10.09.2024 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

संक्षिप्त विवरण- दिनाँक 25.07.2024 को शिकायतकर्ता श्री रामकिशन पाल उर्फ भूरा पुत्र ख्याली निवासी ग्राम पुनावली कला थाना रक्सा जनपद झांसी ने थाना रक्सा उपस्थित आकर लिखित तहरीर सूचना दी थी कि दिनांक 25.07.2024 को समय 13.30 बजे वादी की पुत्री वन्दना पाल को उसके पति रविन्द्र बघेल पुत्र अमर सिंह नि0 ग्राम रमदेवा थाना इन्दरगढ जिला दतिया म0प्र0 ने ब्यूटी पार्लर की दुकान बह्द ग्राम पुनावली कलां थाना रक्सा जनपद झाँसी मे अपने एक साथी के साथ आकर चाकू से से वार कर घायल कर भाग गया है। उक्त घटना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना रक्सा पुलिस द्वारा थाना हाजा पर मु0अ0सं0174/24 धारा 115(2)/118(1)/351(2)/333 बी.एन.एस बनाम 1-. रविन्द्र पाल पुत्र अमर सिह नि0 ग्राम रमदेवा थाना इन्दरगढ जिला दतिया म0प्र0 व 1 अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था। साक्ष्य संकलन से मुकदमा उपरोक्त मे धारा 109 बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।

आज दिनांक 10.09.2024 को विवेचना के क्रम मे थाना रक्सा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे नामित वाँछित अभियुक्त रविन्द्र बघेल पुत्र अमर सिंह बघेल निवासी ग्राम रमदेवा थाना इन्दरगढ़ जिला दतिया म0प्र0Fवर्ष 27 उम्र को दूसरे पुल के पास कस्वा व थाना रक्सा जिला झाँसी से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

1. रविन्द्र बघेल पुत्र अमर सिंह बघेल निवासी ग्राम रमदेवा थाना इन्दरगढ़ जिला दतिया म उम्र 0प्र0 वर्ष 27

अभियुक्त की गिरफ्तारी का स्थान व दिनाँक- दूसरे अन्डर ब्रिज के पास कस्वा व थाना रक्सा जिला झाँसी, दिनाँक 10.09.2024

गिरफ्तार / सहयोग करने वाली टीम थाना रक्सा -

1.थानाध्यक्ष श्री परमेन्द्र कुमार सिंह थाना रक्सा जनपद झाँसी
2. उ0नि0 श्री शिव कुमार चौकी प्रभारी डोंगरी थाना रक्सा जनपद झाँसी
3. का0 459 विजय करन थाना रक्सा जनपद झाँसी
4. का0 196 जीत बहादुर थाना रक्सा जनपद झाँसी